SDF-U-SOCY

# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) एक अनुशासन के रूप में समाजशास्त्र के आविर्भाव के ऐतिहासिक पूर्ववृत्तों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the historical antecedents of the emergence of Sociology as a discipline. *10*

(b) डेविस और मूर ने यह स्पष्ट किया कि सामाजिक संस्तरण एक प्रकार्यात्मक आवश्यकता और अचेतन युक्ति भी है । विवेचना कीजिए ।

Davis and Moore made it clear that social stratification is a functional necessity and also an unconscious device. Discuss. *10*

(c) 'फ़ीटिशिज़्म ऑफ़ कॅमोडिटीज़' की मार्क्सवादी संकल्पना क्या है ?

What is the Marxist concept of 'fetishism of commodities' ? *10*

(d) 'नव मध्यम-वर्ग' पर एक समाजशास्त्रीय समीक्षा प्रस्तुत कीजिए ।

Present a sociological review on the 'new middle-class'. *10*

(e) प्रायिकता नमूना-चयन रणनीतियों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए ।

Explain the probability sampling strategies with examples. *10*

**Q2.** (a) मीड के अनुसार, "हम अपने स्वयं के समाजीकरण में एक मुख्य भूमिका अदा करते हैं ।" व्याख्या कीजिए ।

According to Mead, "We play a key role in our own socialisation." Explain. *20*

(b) सामाजिक शोध में नृजाति वर्णन (Ethnography) के महत्त्व को दर्शाइए ।

Bring out the significance of Ethnography in social research. *20*

(c) 'आरक्षित श्रमिक सेना' क्या है ? इस पर स्त्रीवादी विद्वानों के दृष्टिकोण को प्रस्तुत कीजिए ।

What is 'reserve army of labour' ? Present the position of feminist scholars on this. *10*

**Q3.** (a) सामाजिक घटनाओं के व्याख्यात्मक ज्ञान के महत्व की विवेचना कीजिए तथा इसकी सीमाओं की व्याख्या कीजिए ।

Discuss the importance of interpretative understanding of social phenomena and explain its limitations. *20*

(b) क्या सभी विश्व धर्म पितृसत्तात्मक हैं ? अपने उत्तर को सोदाहरण प्रमाणित कीजिए ।

Are all world religions patriarchal ? Substantiate your answer with examples. *20*

(c) मर्टन के अनुसार 'अप्रत्याशित परिणामों' तथा 'अव्यक्त प्रकार्यों' में क्या अन्तर है ? विस्तारणार्थ उदाहरण दीजिए ।

What, according to Merton, is the difference between 'unanticipated consequences' and 'latent functions' ? Give examples to elaborate. *10*

**Q4.** (a) आधुनिकीकरण वर्गगत समाज की पूर्वकल्पना करता है; किन्तु जाति, नृजातीयता एवं प्रजाति अभी भी प्रभुत्वशाली हैं । व्याख्या कीजिए ।

Modernisation presupposes class society; however caste, ethnicity and race are still predominant. Explain. *20*

(b) पूँजीवादी समाज में सामाजिक संस्तरीकरण पर मार्क्स और वेबर के योगदानों में तुलना और भेद कीजिए ।

Compare and contrast the contributions of Marx and Weber on social stratification in capitalist society. *20*

(c) इरावती कर्वे के अनुसार उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय नातेदारी तन्त्रों के मध्य प्रमुख अन्तर क्या हैं ?

What, according to Irawati Karve, are the major differences between North Indian and South Indian Kinship systems ? *10*

खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) 'जीवन-अवसरों' और 'जीवन-शैली' के मध्य उपयुक्त उदाहरणों सहित विभेद कीजिए।

Differentiate between 'Life-chances' and Life-style' with suitable examples. *10*

(b) भारत में उच्चतर शिक्षा में पहुँच एवं बहिष्करण सम्बन्धी विषयों की विवेचना कीजिए।

Discuss the issues of access and exclusion in higher education in India. *10*

(c) नागरिक समाज क्या है ? भारत में नागरिक समाज का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति के साथ आबन्धन पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

What is civil society ? Present a note on civil society engagement with science and technology policy in India. *10*

(d) ए.जी. फ्रैंक के 'अल्पविकास का विकास' की समालोचना कीजिए।

Critique A.G. Frank's 'development of underdevelopment'. *10*

(e) आपके विचार से टॉनीस, दुर्खीम, वेबर और मार्क्स ने आधुनिक समाज के चरित्र की कितनी ठीक भविष्यवाणी की ? समालोचना कीजिए।

How well do you think Tonnies, Durkheim, Weber and Marx predicted the character of modern society ? Critique. *10*

**Q6.** (a) जेंडर सामाजिक संस्तरीकरण का एक आयाम क्यों है ? जेंडर जाति, वर्ग, प्रजाति और नृजातीयता पर आधारित असमानता के अन्य आयामों को कैसे प्रतिच्छेदित करता है ?

Why is gender a dimension of social stratification ? How does gender intersect other dimensions of inequality based on caste, class, race and ethnicity ? *20*

(b) सामाजिक शक्ति के सैद्धान्तिक प्रतिमान क्या हैं ? उनमें से कौन उन्नत औद्योगिक समाजों पर सर्वाधिक लागू होता है ?

What are the theoretical models of societal power ? Which one of them is most applicable in advanced industrial societies ? *20*

(c) सकारात्मक क्रिया क्या है ? सकारात्मक क्रियाओं पर सैद्धान्तिक दृष्टिकोणों को उदाहरणों सहित प्रमाणित कीजिए।

What is affirmative action ? Substantiate theoretical positions on affirmative actions with examples. *10*

**Q7.** (a) 'अनौपचारिक श्रम' क्या है ? औद्योगिकोत्तर समाज में अनौपचारिक श्रम को विनियमित करने की आवश्यकता एवं उसकी चुनौतियों की विवेचना कीजिए ।

What is 'informal labour' ? Discuss the need for and challenges in regulating informal labour in the post-industrial society. *20*

(b) स्त्रीवादी विद्वान तर्क करते हैं कि 'नया मीडिया' मरदाना है और इसीलिए पुनर्संरूपण के बजाय संरचनात्मक पदानुक्रमों को पुनर्बलित करता है । टिप्पणी कीजिए ।

Feminist scholars argue that 'New media' is masculine and hence reinforces structural hierarchies rather than reconfiguring them. Comment. *20*

(c) संभ्रांत वर्ग के संचरण की संकल्पना की विवेचना कीजिए ।

Discuss the concept of circulation of elite. *10*

**Q8.** (a) 'सह-सम्बन्धवास' पर न्यायिक हस्तक्षेप के आलोक में, भारत में विवाह एवं परिवार के भविष्य की विवेचना कीजिए ।

In the light of judicial intervention on 'Live-in relationships', discuss the future of marriage and family in India. *20*

(b) मर्टन के अनुसार विचलित उपसंस्कृतियाँ किस प्रकार उत्पन्न होती हैं ?

How, according to Merton, are deviant subcultures generated ? *20*

(c) आतंकवाद किस प्रकार से विषम युद्ध का एक नया रूप है ? आतंकवाद में युद्ध जीतने के प्रयास में कुछेक चुनौतियाँ क्या हैं ?

How is terrorism a new form of asymmetrical warfare ? What are some of the challenges in trying to win the war on terrorism ? *10*